www.prepp.in

prepp
Your Personal Exams Guide

# UGC NET Paper 2 December 30, 2012 Shift 1 Law Question Paper

## PAPER-II
## LAW

**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) ____________________________
   (Name) ____________________________
2. (Signature) ____________________________
   (Name) ____________________________

OMR Sheet No. : ..............................................
(To be filled by the Candidate)

Roll No. | | | | | | | | |

(In figures as per admission card)

Roll No.____________________________________
(In words)

**D 5 8 1 2**

Time : 1 $^{1}/_{4}$ hours] [Maximum Marks : **100**

Number of Pages in this Booklet : **16** Number of Questions in this Booklet : **50**

### Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of fifty multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (A), (B), (C) and (D). You have to darken the circle as indicated below on the correct response against each item.
   **Example :** (A) (B) ● (D)
   where (C) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the **OMR Sheet given inside the Paper I Booklet only.** If you mark at any place other than in the circle in the OMR Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your Name, Roll Number, Phone Number or put any mark on any part of the OMR Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, or use abusive language or employ any other unfair means, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the test question booklet and Original OMR Sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall. You are, however, allowed to carry duplicate copy of OMR Sheet on conclusion of examination.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There is no negative marks for incorrect answers.**

### परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. पहले पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए ।
2. इस प्रश्न-पत्र में पचास बहुविकल्पीय प्रश्न हैं ।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी । पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे, जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए उसके कवर पेज पर लगी कागज की सील को फाड़ लें । खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें ।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं । दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात् किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें । इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे । उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा ।**
   (iii) इस जाँच के बाद OMR पत्रक की क्रम संख्या इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें ।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (A), (B), (C) तथा (D) दिये गये हैं । आपको सही उत्तर के वृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है ।
   **उदाहरण** : (A) (B) ● (D)
   जबकि (C) सही उत्तर है ।
5. प्रश्नों के उत्तर **केवल प्रश्न पत्र I के अन्दर दिये गये OMR पत्रक पर ही** अंकित करने हैं । यदि आप OMR पत्रक पर दिये गये वृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिह्नांकित करते हैं, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा ।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें ।
8. यदि आप OMR पत्रक पर नियत स्थान के अलावा अपना नाम, रोल नम्बर, फोन नम्बर या कोई भी ऐसा चिह्न जिससे आपकी पहचान हो सके, अंकित करते हैं अथवा अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं, या कोई अन्य अनुचित साधन का प्रयोग करते हैं, तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित किये जा सकते हैं ।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर प्रश्न-पुस्तिका एवं मूल OMR पत्रक निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद उसे अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें । हालांकि आप परीक्षा समाप्ति पर OMR पत्रक की डुप्लीकेट प्रति अपने साथ ले जा सकते हैं ।
10. **केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पेन का ही इस्तेमाल करें ।**
11. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है ।**
12. **गलत उत्तरों के लिए कोई अंक काटे नहीं जाएँगे ।**

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

# LAW
## Paper – II

**Note :** This paper contains **fifty (50)** objective type questions **two (2)** marks each. **All** questions are compulsory.

**1.** Clause (4) of Article 15 has been added to the Constitution by

(A) The Constitution First Amendment Act.

(B) The Constitution Second Amendment Act

(C) The Constitution Fourth Amendment Act.

(D) The Constitution Sixth Amendment Act.

**2.** The State shall endeavour to secure for the citizens a Uniform Civil Code throughout the territory of India as per

(A) Article 40

(B) Article 43

(C) Article 44

(D) Article 48

**3.** In India sovereignty lies with

(A) The Constitution

(B) The Supreme Court

(C) The Parliament

(D) The People

**4.** The Supreme Court of India formulated the doctrine of eclipse in

(A) Bhikaji Narain Dhakras Vs State of M.P.

(B) Bashesharnath Vs Income Tax Commissioner.

(C) State of W.B. Vs Anwar Ali Sarkar

(D) Maneka Gandhi Vs Union of India

**5.** The satisfaction of the President means the satisfaction of the Council of Ministers and not his personal satisfaction, held in

(A) Samsher Singh Vs State of Punjab

(B) U.N. Rao Vs Indira Gandhi

(C) Ram Jawaya Kapoor Vs State of Punjab

(D) Sardar Lal Vs Union Government

**6.** The Concurrent List was described as a 'Twilight Zone', as it were for both the Union and the States are competent to legislate in this field without coming in to conflict" is stated by

(A) Basu, D.D.

(B) Dicey, A.V.

(C) Pyle, M.V.

(D) Ambedkar, B.

**7.** Article 360 has been invoked

(A) only one time.

(B) two times.

(C) three times.

(D) never invoked

**8.** "Jurisprudence is concerned primarily with the effects of law upon society and only to a lesser extent with questions about the social determination of law." Who said it ?

(A) Roscoe Pound

(B) Eugen Ehrlich

(C) Emile Durkheim

(D) Max Weber

Prepp
Your Personal Exams Guide

# विधि

## प्रश्नपत्र – II

**नोट :** इस प्रश्नपत्र में **पचास (50)** बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के **दो (2)** अंक हैं । **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।

**1.** अनुच्छेद 15 का खंड (4) संविधान में निम्नलिखित में से किसके द्वारा सम्मिलित किया गया है ?

(A) संविधान प्रथम संशोधन अधिनियम

(B) संविधान द्वितीय संशोधन अधिनियम

(C) संविधान चतुर्थ संशोधन अधिनियम

(D) संविधान छठा संशोधन अधिनियम

**2.** निम्नलिखित के अनुसार राज्य पूरे भारत प्रदेश में नागरिकों के लिये समान सिविल संहिता सुनिश्चित करेगा :

(A) अनुच्छेद 40

(B) अनुच्छेद 43

(C) अनुच्छेद 44

(D) अनुच्छेद 48

**3.** भारत में, संप्रभुता कहाँ स्थित है ?

(A) संविधान में

(B) सर्वोच्च न्यायालय में

(C) संसद में

(D) जनता में

**4.** भारतीय सर्वोच्च न्यायालय ने किसमें आच्छादन के सिद्धान्त को निर्मित किया ?

(A) भीकाजी नारायण ढ़ाकरास बनाम मध्य प्रदेश राज्य ।

(B) बाशेशरनाथ बनाम आयकर आयुक्त ।

(C) पश्चिम बंगाल राज्य बनाम अनवर अली सरकार ।

(D) मेनका गांधी बनाम भारतीय संघ ।

**5.** राष्ट्रपति की तुष्टि का अर्थ मंत्री परिषद तुष्टि है न कि उनकी व्यक्तिगत तुष्टि, यह निर्धारित किया गया

(A) शमशेर सिंह बनाम पंजाब राज्य में ।

(B) यू.एन. रॉय बनाम इंदिरा गांधी में ।

(C) राम जवाया कपूर बनाम पंजाब राज्य में ।

(D) सरदार लाल बनाम संघीय सरकार में ।

**6.** "समवर्ती सूची को 'सान्धय आलोक अंचल' के रूप में परिभाषित किया, क्योंकि संघ और राज्य दोनों बिना टकराव के इस क्षेत्र में विधि बना सकते हैं" यह किसने कहा ?

(A) डी.डी. बसु

(B) ए.वी. डाइसी

(C) एम.वी. पाइल

(D) बी.अम्बेडकर

**7.** अनुच्छेद 360 का आह्वान कितनी बार किया गया है ?

(A) केवल एक बार

(B) दो बार

(C) तीन बार

(D) कभी आह्वान नहीं किया गया

**8.** "विधिशास्त्र मुख्यतया समाज पर विधि के प्रभाव से सम्बन्ध रखती है और छोटे तौर पर विधि के सामाजिक निर्धारण सम्बन्धी प्रश्नों से सम्बन्धित है ।" यह किसने कहा ?

(A) रॉस्को पाउण्ड

(B) युगन एर्हलिच

(C) इमाईल दुर्खीम

(D) मैक्स वेबर

Prepp
Your Personal Exams Guide

**9.** "True law is that which has right reason in agreement with nature" was propagated by

(A) Cicero
(B) Hart
(C) Grotius
(D) Salmond

**10.** Match List - I with List - II and select the correct answer using the codes given below the lists :

| | **List – I** | | **List – II** |
|---|---|---|---|
| I. | Privilege | a. | Gives content to the claim of a person |
| II. | Duty | b. | Freedom from claim of another |
| III. | Power | c. | Have no correlative claim according to Austin |
| IV. | Absolute Duty | d. | Ability of a person to change legal relations. |

**Codes :**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (A) | I-a | II- b | III-d | IV-c |
| (B) | I-b | II-a | III-d | IV-c |
| (C) | I-a | II-b | III-c | IV-d |
| (D) | I-b | II-a | III-c | IV-d |

**11.** 'X' a servant finds a bag at the basement of the shop. He hands it over to 'Y' the owner of the shop, who asks him to place it in the almirah. Now, the bag is in possession of

(A) 'X' because he was the finder.
(B) 'Y' because he was the owner of the shop.
(C) 'X' because he has kept it in the almirah.
(D) 'Y' because in him there was union of corpus and animus.

**12.** Which one of the following jurists emphasised that "We cannot understand what a thing is unless we study what it does" ?

(A) Salmond
(B) Roscoe Pound
(C) Kelsen
(D) Austin

**13.** Who defines 'ownership as planary control over an object' ?

(A) Austin
(B) Salmond
(C) Holland
(D) Savigny

**14.** **Assertion (A) :** A legal right is a legally protected interest.

**Reason (R) :** An element of advantage is essential to constitute right.

**Codes :**

(A) Both (A) and (R) are true, and (R) is the correct explanation of (A).
(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is not correct explanation of (A).
(C) (A) is true, but (R) is false.
(D) (A) is false, but (R) is true.

**15.** **Assertion (A) :** International Law Commission has initiated studies and prepared draft codes on diverse fields in international law.

**Reason (R) :** International Law Commission was established under General Assembly Resolution No. 174 (11) adopted on 21 November 1947 with an object to promote, progressively develop and codify international law.

**Codes :**

(A) Both (A) and (R) are true.
(B) (A) is true but (R) is false.
(C) (R) is true but (A) is false.
(D) Both (A) and (R) are false.

**9.** "सही विधि वही है जो प्रकृति के साथ सही रूप से तर्क संगत हो ।" यह किसने कहा ?

(A) सिसरो (B) हार्ट

(C) ग्रोटियुस (D) सॉमण्ड

**10.** सूची - I का सूची - II के साथ मिलान कीजिये और सूचियों के नीचे दिये गये कूट का इस्तेमाल करते हुए सही उत्तर चुनिये :

| | **सूची – I** | | **सूची – II** |
|---|---|---|---|
| I. | विशेष अधिकार | a. | व्यक्ति के दावे को विषयवस्तु प्रदान करती है । |
| II. | दायित्व | b. | दूसरे के दावे से मुक्त करना । |
| III. | शक्ति (अधिकार) | c. | ऑस्टिन के अनुसार पारस्परिक दावा नहीं है । |
| IV. | आत्यान्तिक दायित्व | d. | व्यक्ति का विधिक सम्बन्ध बदलने की योग्यता । |

**कूट :**

(A) I-a II- b III-d IV-c

(B) I-b II-a III-d IV-c

(C) I-a II-b III-c IV-d

(D) I-b II-a III-c IV-d

**11.** 'X' एक नौकर को दुकान के तहखाने में एक बैग मिलता है । वह उसे दुकान के मालिक 'Y' को सुपुर्द कर देता है, जो उसे अलमारी में रखने के लिये कहता है । अब यह बैग किसके कब्जे में है ?

(A) 'X' के कब्जे में, क्योंकि वह प्राप्त करने वाला था ।

(B) 'Y' के कब्जे में, क्योंकि वह दुकान का मालिक था ।

(C) 'X' के कब्जे में, क्योंकि उसने उसे अलमारी में रखा था ।

(D) 'Y' के कब्जे में, क्योंकि उसके पास भौतिक नियन्त्रण एवं नियन्त्रण का आशय दोनों थे ।

**12.** निम्न में से किस विधिशास्त्री ने इस पर जोर दिया है कि "हम किसी वस्तु को तब तक नहीं समझ सकते जब तक कि हम यह अध्ययन नहीं करें कि वह क्या करती है" ?

(A) सॉमण्ड

(B) रॉस्को पाउण्ड

(C) केलसन

(D) ऑस्टिन

**13.** किसने परिभाषित किया कि "स्वामित्व किसी वस्तु पर सीधा नियंत्रण जैसा है" ?

(A) ऑस्टिन

(B) सॉमण्ड

(C) हॉलैंड

(D) सेविग्नि

**14.** **अभिकथन (A) :** विधिक अधिकार विधि द्वारा संरक्षित हित है ।

**कारण (R) :** अधिकार के गठन के लिये लाभ का तत्त्व अनिवार्य है ।

**कूट :**

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) का सही स्पष्टीकरण है ।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R), (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है ।

(C) (A) सही है, लेकिन (R) असत्य है ।

(D) (A) असत्य है, लेकिन (R) सही है ।

**15.** **अभिकथन (A) :** अंतर्राष्ट्रीय विधि आयोग ने अंतर्राष्ट्रीय विधि में विविध विषयों पर अध्ययनों की शुरुआत की और कोड्स प्रारूप तैयार किये हैं ।

**कारण (R) :** अंतर्राष्ट्रीय विधि आयोग की स्थापना अंतर्राष्ट्रीय विधि को बढ़ावा देने, उसे उत्तरोत्तर विकसित करने तथा कूटबद्ध करने के उद्देश्य से 21 नवम्बर 1947 को अपनाये गये महासभा प्रस्ताव संख्या : 174 (11) के अंतर्गत की गई थी ।

**कूट :**

(A) (A) और (R) दोनों सत्य हैं ।

(B) (A) सत्य है, परन्तु (R) असत्य है ।

(C) (R) सत्य है, परन्तु (A) असत्य है ।

(D) (A) और (R) दोनों असत्य हैं ।

16. Match List - I with List - II.

| List – I Declaration/ Treaty/Convention | | List – II Year of Adoption | |
|---|---|---|---|
| a. | Universal Declaration of Human Rights | i. | 1948 |
| b. | International Convention on Civil and Political Rights | ii. | 1966 |
| c. | Convention on the Rights of the Child | iii. | 2006 |
| d. | Convention on the Rights of Persons with Disabilities | iv. | 1999 |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | i | ii | iv | iii |
| (B) | ii | i | iv | iii |
| (C) | iv | iii | ii | i |
| (D) | iii | ii | iv | i |

17. Jus Cogens means
(A) Peremptory norm of international law.
(B) Norm of international law.
(C) Peremptory norm which does not permit derogation.
(D) None of the above.

18. Which one of the following is primary source of international law ?
(A) Decisions of International Court of Justice.
(B) Resolutions of U.N. General Assembly.
(C) General Principles of law recognized by Civilized Nations.
(D) None of the above

19. Which one of the following is not a permanent member of the U.N. Security Council ?
(A) U.K.
(B) U.S.A.
(C) Japan
(D) China

20. "Recognition operates retroactively not to invalidate the acts of a former government, but to validate the acts of a *de facto* government which has become the new *de jure* government." has been held by the court in the case of :
(A) Civil Air Transport Inc. Vs Central Air Transport Corporation.
(B) A.M. Luther Vs Sagar & Co.
(C) The Arantzazu Mendi
(D) Gdynia Ameryka Linie Vs Boguslawski.

21. Rules relating to sapinda relationship are based on
(A) Principle of Endogamy
(B) Principle of Exogamy
(C) Principle of Polygamy
(D) Principle of Monogamy

22. On the ground of barrenness or sterility, marriage can be
(A) voidable
(B) void
(C) both (A) and (B)
(D) neither (A) nor (B)

23. Breakdown theory of divorce is reflected in
(A) Section 13 (1) of Hindu Marriage Act, 1955.
(B) Section 13 (2) of Hindu Marriage Act, 1955.
(C) Section 13 (IA) of Hindu Marriage Act, 1955.
(D) Section 13 (B) of Hindu Marriage Act, 1955.

**16.** सूची - I को सूची – II के साथ सुमेलित करें :

| | **सूची – I (घोषणा/सन्धि/ अभिसमय)** | | **सूची – II (अपनाने का वर्ष)** |
|---|---|---|---|
| a. | मानवाधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा | i. | 1948 |
| b. | अंतर्राष्ट्रीय नागरिक तथा राजनीतिक अधिकार अभिसमय | ii. | 1966 |
| c. | बालाधिकार अभिसमय | iii. | 2006 |
| d. | निर्योग्य व्यक्तियों के अधिकारों पर अभिसमय | iv. | 1999 |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | i | ii | iv | iii |
| (B) | ii | i | iv | iii |
| (C) | iv | iii | ii | i |
| (D) | iii | ii | iv | i |

**17.** 'जस कोजेन' का अर्थ है

(A) अंतर्राष्ट्रीय विधि के अनिवार्य मानदण्ड

(B) अंतर्राष्ट्रीय विधि के मानदण्ड

(C) अनिवार्य मानदण्ड जो अल्पीकरण की अनुमति नहीं देते हैं

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**18.** अंतर्राष्ट्रीय विधि का निम्न में से मुख्य स्रोत कौन सा है ?

(A) अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय के निर्णय

(B) संयुक्त राष्ट्र महासभा के प्रस्ताव

(C) सभ्य राष्ट्रों द्वारा मान्य विधि के सामान्य सिद्धान्त

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**19.** निम्नलिखित में से कौन सा संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् का स्थायी सदस्य नहीं है ?

(A) यू.के.

(B) यू.एस.ए.

(C) जापान

(D) चीन

**20.** "मान्यता पूर्व प्रभाविता से क्रियाशील होती है, पूर्व सरकार के कृत्यों को अमान्य करने के लिये नहीं, परन्तु वस्तुत: सरकार जो नई विधित: सरकार बन गई है के कृत्यों को मान्य करने के लिये क्रियाशील होती है", यह न्यायालय के द्वारा किस वाद में माना गया ?

(A) सिविल वायु परिवहन निगमन बनाम केन्द्रीय वायु परिवहन निगम

(B) ए.एम. लूथर बनाम सागर एण्ड कम्पनी

(C) अरांतज़ाजु मेंदी

(D) गाइनिया अमेराइका लिनि बनाम बॉगसलॉस्की

**21.** सपिण्ड सम्बन्ध से सम्बन्धित सिद्धान्त किस पर आधारित है ?

(A) सजातीय विवाह का सिद्धान्त

(B) बहिर्विवाह का सिद्धान्त

(C) बहुविवाह का सिद्धान्त

(D) एक विवाह का सिद्धान्त

**22.** बन्ध्यता या बांझपन के आधार पर, विवाह :

(A) शून्यकरणीय हो सकता है ।

(B) शून्य हो सकता है ।

(C) (A) और (B) दोनों

(D) न (A) न ही (B)

**23.** तलाक की ब्रेक डाऊन थ्योरी निम्नलिखित में प्रतिबिम्बित होती है :

(A) हिन्दू विवाह अधिनियम, 1955 की धारा 13 (1)

(B) हिन्दू विवाह अधिनियम, 1955 की धारा 13 (2)

(C) हिन्दू विवाह अधिनियम, 1955 की धारा 13 (IA)

(D) हिन्दू विवाह अधिनियम, 1955 की धारा 13 (B)

Prepp
Your Personal Exams Guide

**24.** Match List-I with List-II and indicate the correct answer using the codes given below :

| List – I | List – II |
|---|---|
| a. Ashok Hura Vs Rupa Hura case | i. Restitution of Conjugal Rights |
| b. Bipin Chandra Vs Prabhavati | ii. Uniform Civil Code |
| c. Sarla Mudugal Vs Union of India | iii. Dessertion |
| d. T. Sareetha Vs State of A.P. | iv. Divorce by Mutual Consent. |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | i | ii | iii | iv |
| (B) | iv | iii | ii | i |
| (C) | ii | iii | i | iv |
| (D) | iv | iii | i | ii |

**25.** Arrange the grounds of divorce in the order in which they appear in the Hindu Marriage Act, 1955. Use the codes given below :

(I) Mutual consent
(II) Break down
(III) Fault
(IV) Customary

**Codes :**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (A) | III | II | I | IV |
| (B) | II | III | IV | I |
| (C) | I | II | III | IV |
| (D) | IV | III | I | II |

**26.** The petition for divorce by mutual consent may be presented if the spouses have been living separately for a period of

(A) One year
(B) Two years
(C) Three years
(D) None of the above

**27.** An offer and an acceptance to it must be in the

(A) same time
(B) same place
(C) same sense
(D) none of above

**28.** Which of the following statements are true ?

(i) Past consideration is no consideration under Indian and English Law.
(ii) Past consideration is no consideration under Indian Law.
(iii) Past consideration is no consideration under English Law.
(iv) Past consideration is made in past.

**Codes :**

(A) (i) and (ii)
(B) (ii) and (iii)
(C) (iii) and (iv)
(D) (iv) and (i)

**29.** **Assertion (A) :** When subject matter of a contract is destroyed, the contract is frustrated.

**Reason (R) :** Frustration of a contract frustrates a party to the contract.

**Codes :**

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).
(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is not correct explanation of (A).
(C) (A) is true, but (R) is false.
(D) (A) is false, but (R) is true.

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**24.** सूची-I को सूची-II के साथ सुमेलित करें और नीचे दिये कूटों से सही उत्तर का चयन करें :

| | **सूची – I** | | **सूची – II** |
|---|---|---|---|
| a. | अशोक हूरा बनाम रूपा हूरा मामला | i. | दांपत्य अधिकारों का प्रत्यास्थापन |
| b. | बिपिन चन्द्र बनाम प्रभावती | ii. | समान सिविल संहिता |
| c. | सरला मुदगल बनाम भारत संघ | iii. | अभित्यजन |
| d. | टी. सरिता बनाम आंध्रप्रदेश राज्य | iv. | पारस्परिक सहमति से तलाक |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | i | ii | iii | iv |
| (B) | iv | iii | ii | i |
| (C) | ii | iii | i | iv |
| (D) | iv | iii | i | ii |

**25.** तलाक के आधारों को, हिन्दू विवाह अधिनियम, 1955 में दिये क्रम के अनुसार व्यवस्थित करें । नीचे दिये कूटों की सहायता से उत्तर का चयन करें :

(I) पारस्परिक सहमति

(II) सम्बन्ध विच्छेद

(III) दोष

(IV) रूढ़िजन्य

**कूट :**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (A) | III | II | I | IV |
| (B) | II | III | IV | I |
| (C) | I | II | III | IV |
| (D) | IV | III | I | II |

**26.** पारस्परिक सहमति द्वारा तलाक के लिये याचिका पेश की जा सकती है यदि पति/पत्नी निम्नलिखित अवधि के लिये पृथक रह रहे हैं :

(A) एक वर्ष

(B) दो वर्ष

(C) तीन वर्ष

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**27.** प्रस्ताव तथा उसकी सहमति को :

(A) एक ही समय में होना चाहिये ।

(B) एक ही स्थान में होना चाहिये ।

(C) एक ही अर्थ में होना चाहिये ।

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं ।

**28.** निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है ?

(i) भारतीय तथा इंग्लिश विधि के अंतर्गत विगत प्रतिफल कोई प्रतिफल नहीं है ।

(ii) भारतीय विधि के अंतर्गत विगत प्रतिफल कोई प्रतिफल नहीं है ।

(iii) इंग्लिश विधि के अंतर्गत विगत प्रतिफल कोई प्रतिफल नहीं है ।

(iv) विगत प्रतिफल विगत काल में किया जाता है ।

**कूट :**

(A) (i) और (ii)

(B) (ii) और (iii)

(C) (iii) और (iv)

(D) (iv) और (i)

**29.** **अभिकथन (A) :** जब संविदा की विषय सामग्री नष्ट कर दी जाती है, तो संविदा निराश हो जाती है ।

**कारण (R) :** संविदा का निराश होना उसके पक्षकारों को निराश कर देता है ।

**कूट :**

(A) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।

(B) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

(C) (A) सत्य है, परन्तु (R) असत्य है ।

(D) (A) असत्य है, परन्तु (R) सत्य है ।

prepp
Your Personal Exams Guide

**30.** Arrange the following concepts in which they appeared. Use the code given below :

(i) Invitation to offer
(ii) Damage
(iii) Offer
(iv) Damages

**Codes :**

(A) (i), (iii), (ii), (iv)
(B) (i), (iii), (iv), (ii)
(C) (iii), (i), (ii), (iv)
(D) (i), (iv), (iii), (ii)

**31.** Match an item in List – I with an item in List – II, using code given below :

| | **List – I** | | **List – II** |
|---|---|---|---|
| i. | Capacity | 1. | Breach |
| ii. | Damages | 2. | Unruly horse |
| iii. | Remedy | 3. | Compensation |
| iv. | Public policy | 4. | Sound mind |

**Codes :**

| | i | ii | iii | iv |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (B) | 1 | 2 | 4 | 3 |
| (C) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (D) | 4 | 3 | 1 | 2 |

**32.** Which one of the following pairs does not match ?

(A) Novation of contract - Section 62
(B) Agreement in restraint of legal proceedings - Section 29
(C) Tender of performance - Section 38
(D) Unlawful object and consideration - Section 23

**33.** Which one of the following is not an example of vicarious liability ?

(A) Liability of the principal for the tort of his agent.
(B) Liability of partners for each others' tort.
(C) Liability of the master for the tort of his servant.
(D) Liability of the parents for the tort of the children.

**34.** Match List – I and List – II , select the correct answer by using codes given below :

| | **List – I** | | **List – II** |
|---|---|---|---|
| a. | Injuria sine damnum | 1. | Reylands Vs Fletcher |
| b. | Damnum sine injuria | 2. | Gloucester's Case |
| c. | Strict liability | 3. | Volenti non fit injuria |
| d. | Defence of consent | 4. | Ashby Vs White |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 4 | 2 | 1 | 3 |
| (B) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (C) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (D) | 4 | 3 | 2 | 1 |

**35.** Rule of absolute liability was propounded by

(A) Justice Bhagwati
(B) Justice Sodhi
(C) Justice Ahmadi
(D) Justice Kuldeep Singh

**36.** Which one of the defence to strict liability is based on the maxim, volenti non fit injuria ?

(A) Consent of the plaintiff
(B) Act of God
(C) Act of Third Party
(D) Statutory Authority

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**30.** निम्नलिखित धारणाओं को उनके प्रकट होने के अनुक्रम में व्यवस्थित करें और नीचे दिये गये कूटों का उपयोग करें :

(i) प्रस्ताव का आमन्त्रण

(ii) क्षति

(iii) प्रस्ताव

(iv) नुकसानी

**कूट :**

(A) (i) (iii) (ii) (iv)

(B) (i) (iii) (iv) (ii)

(C) (iii) (i) (ii) (iv)

(D) (i) (iv) (iii) (ii)

**31.** सूची-I में दी गई मदों को सूची-II में दी गई मदों के साथ सुमेलित करें और नीचे दिये कूटों की सहायता से सही उत्तर का चयन करें :

| **सूची – I** | **सूची – II** |
|---|---|
| i. क्षमता | 1. भंग |
| ii. नुकसानी | 2. बेकाबू घोड़ा |
| iii. उपचार | 3. क्षतिपूर्ति |
| iv. लोक नीति | 4. स्वस्थ मस्तिष्क |

**कूट :**

| | i | ii | iii | iv |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (B) | 1 | 2 | 4 | 3 |
| (C) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (D) | 4 | 3 | 1 | 2 |

**32.** निम्नलिखित में से कौन सा युग्म सुमेलित नहीं है ?

(A) संविदा का नवीयन - धारा 62

(B) विधिक कार्यवाही में अवरोध के करार - धारा 29

(C) संविदा पालन की निविदा - धारा 38

(D) विधिविरुद्ध उद्देश्य तथा प्रतिफल - धारा 23

**33.** निम्नलिखित में से प्रतिनिधिक दायित्व का उदाहरण कौन सा नहीं है ?

(A) अपने एजेन्ट के अपकृत्य के लिये मालिक का दायित्व ।

(B) साथियों का एक-दूसरे के अपकृत्य के लिये दायित्व ।

(C) अपने नौकर के अपकृत्य के लिये स्वामी का दायित्व ।

(D) बच्चों के अपकृत्य के लिये अभिभावकों का दायित्व ।

**34.** सूची – I को सूची – II के साथ सुमेलित करें तथा नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए :

| **सूची – I** | **सूची – II** |
|---|---|
| a. इन्जुरिआ साइन डैमनम | 1. रेलैण्ड्स बनाम फ्लेचर |
| b. डैमनम साइन इन्जुरिआ | 2. ग्लाउसेस्टर का मामला |
| c. कठोर दायित्व | 3. वोलेन्टी नॉन फिट इन्जुरिआ |
| d. सहमति की प्रतिरक्षा | 4. एशबी बनाम व्हाइट |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 4 | 2 | 1 | 3 |
| (B) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (C) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (D) | 4 | 3 | 2 | 1 |

**35.** पूर्ण दायित्व का नियम किसने प्रतिपादित किया था ?

(A) न्यायाधीश भगवती

(B) न्यायाधीश सोढ़ी

(C) न्यायाधीश अहमदी

(D) न्यायाधीश कुलदीप सिंह

**36.** कठोर दायित्व के बचावों में से कौन सी सूक्ति वोलेन्टी नॉन फिट इन्जुरिआ पर आधारित है ?

(A) वाद की सहमति

(B) ईश्वर का कृत्य

(C) तीसरे पक्ष का कृत्य

(D) कानूनी प्राधिकारी

**37.** Mental condition of the wrong-doer at the time of wrong doing is

(A) relevant in all torts.

(B) relevant to torts based on fault.

(C) relevant in torts based on strict liability.

(D) not relevant in tortious liability.

**38.** Consider the following set of legal propositions :

(1) A person can claim damages for all wrongs he has suffered.

(2) A person can claim damages for wrongs only if they are caused intentionally.

(3) A person can claim damages for a wrong if it is caused by infringement of the legal right.

(4) A person can claim damages even if he has suffered no loss.

Of these above propositions which are correct ?

(A) (1) and (2)

(B) (3) and (4)

(C) (1) and (3)

(D) (2) and (4)

**39.** Which of the meaning given for the maxim "Actus me invite factus non est mens actus" is correct ?

(A) Merely a voluntary act by me will not be a crime with a criminal intention.

(B) An act done by me against my will is not my act.

(C) Neither I nor my person can be held liable for an act done under compulsion.

(D) All of them.

**40.** The general principles as to protection of an accused is based on :

(i) Autrefois acquit and Autrefois convict.

(ii) Reasonable doubt as to presumption of innocence.

(iii) Natural Justice.

(iv) Conviction can not be based without proving the guilt even if it was admitted.

Which statement is correct ?

(A) (i) is correct.

(B) (i) and (ii) are correct.

(C) (i), (ii) and (iii) are correct.

(D) (i), (ii), (iii) and (iv) are correct.

**41.** Fill in the blanks with appropriate words :

The distinctive features of riot and unlawful assembly are an activity which is accompanied by ____

(A) use of force and violence.

(B) causing alarm.

(C) violence on a common purpose.

(D) all of them.

**42.** The offence of __________ homicide supposes knowledge of likelihood of causing death.

(A) unlawful

(B) abnormal

(C) culpable

(D) all types of

**43.** The expression 'Seduced' used in Section 366 A of Indian Penal Code means to _________ a woman to submit to illicit intercourse at any time.

(A) use of force by stress

(B) deceitfully induce

(C) willfully influence

(D) none of them

Prepp
Your Personal Exams Guide

**37.** गलती करते समय दोषकर्त्ता की मानसिक स्थिति

(A) सभी अपकृत्यों में प्रासंगिक होती है ।

(B) गलती पर आधारित अपकृत्यों के प्रति प्रासंगिक होती है ।

(C) कठोर दायित्व पर आधारित अपकृत्यों में प्रासंगिक होती है ।

(D) अपकृत्य सम्बन्धी दायित्व में प्रासंगिक नहीं होती है ।

**38.** निम्नलिखित कानूनी प्रतिपादनों पर विचार करें :

(1) व्यक्ति ने जितना भी अन्याय भोगा है उसके लिये नुकसानी का दावा कर सकता है ।

(2) व्यक्ति केवल उन अन्यायों के लिये नुकसानी का दावा कर सकता है जो कि जानबूझकर किये गये हैं ।

(3) केवल उन अन्याय के लिये व्यक्ति नुकसानी का दावा कर सकता है जो कानूनी अधिकार को भंग करने से हुए हैं ।

(4) व्यक्ति तब भी नुकसानी का दावा कर सकता है जबकि कोई हानि नहीं हुई ।

उपर्युक्त प्रतिपादनों में से कौन सी सही है ?

(A) (1) और (2)

(B) (3) और (4)

(C) (1) और (3)

(D) (2) और (4)

**39.** 'एक्ट्स मी इनवाइट फैक्ट्स नॉन एस्ट मैन्स एक्ट्स' इस सूक्ति के दिये गये अर्थों में से कौन सा सही है ?

(A) मेरे द्वारा मात्र स्वैच्छिक कृत्य आपराधिक आशय के साथ अपराध नहीं होगा ।

(B) मेरी इच्छा के विरुद्ध किया गया कृत्य मेरा कृत्य नहीं है ।

(C) विवशता में किए गए कृत्य के लिये न तो मैं न ही मेरा व्यक्तित्व जिम्मेदार माना जा सकता है ।

(D) उपर्युक्त सभी

**40.** अभियुक्त की सुरक्षा से सम्बन्धित सामान्य सिद्धान्त किस पर आधारित है ?

(i) एक बार दोषमुक्ति एवं एक बार दोषसिद्धि

(ii) निर्दोषता की धारणा के सम्बन्ध में युक्तियुक्त संदेह

(iii) प्राकृतिक न्याय

(iv) दोषसिद्धि को दोष प्रमाणित किये बिना निर्धारित नहीं किया जा सकता है चाहे उसे स्वीकार कर लिया गया है ।

कौन सा कथन सही है ?

(A) (i) सही है ।

(B) (i) और (ii) सही हैं ।

(C) (i), (ii) और (iii) सही हैं ।

(D) (i), (ii), (iii) और (iv) सही हैं ।

**41.** उपयुक्त शब्दों के साथ रिक्त स्थान भरें :

बलवा तथा गैरकानूनी सभा की मुख्य विशेषताएँ वह गतिविधि है जो ________ के साथ चलती है ।

(A) बल एवं हिंसा का उपयोग

(B) खतरे का संकेत उत्पन्न करना

(C) सर्वनिष्ठ उद्देश्य के लिये हिंसा

(D) उपर्युक्त सभी

**42.** ________ मानव वध का अपराध हत्या करने की संभावना की जानकारी की कल्पना कर लेता है ।

(A) गैरकानूनी

(B) असाधारण

(C) सदोष

(D) सभी प्रकार के

**43.** भारतीय दण्ड संहिता की धारा 366 A में उपयोग की अभिव्यक्ति 'विलुब्ध' (सेड्यूस्ड) का अर्थ स्त्री का किसी भी समय पर अयुक्त संभोग के लिये ________ होता है ।

(A) तनाव द्वारा बल का प्रयोग

(B) धोखे से उत्प्रेरित करना

(C) जानबूझ कर प्रभावित करना

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Prepp
Your Personal Exams Guide

**44.** Preparation consists in devising or arranging means necessary for the commission of the offence. Such attempt is not punishable because

(i) the motive was harmless.

(ii) impossibility to reach wrongful end.

(iii) does not affect the security of any person.

(iv) it remained without culmination.

The reasoned answer is

(A) Only (i) is correct.

(B) The most probability is (i) and (ii).

(C) There is quite likelihood of (i) and (iii).

(D) All the reasons (i), (ii), (iii) and (iv) have to be examined.

**45.** No person employed in a public utility service shall go on strike

(I) without giving notice of strike to employer.

(II) within 14 days of giving such notice.

(III) after expiry of date specified in notice for strike.

(IV) within 7 days of conclusion of conciliation proceeding.

**Codes :**

(A) I and IV

(B) I and III

(C) I and II

(D) II and III

**46.** There can be lay-off for

(A) One day

(B) More than one day

(C) Maximum seven days

(D) Any period, even less than one day

**47.** In which of the following cases the court reiterated the well-known legal position that even a temporary worker can claim retrenchment compensation, if he is covered by the provisions of Section 25 F of the Industrial Disputes Act, 1947 ?

(A) Tatanagar Foundary Co. Vs Their Workmen.

(B) Management of Willcox Buckwell (India) Ltd. Vs Jagannath.

(C) Barsi Light Railway Co. Ltd. Vs Joglekar.

(D) Modern Stores Vs Krishandas.

**48.** Which one of the following statement is true ?

(A) All Government departments are industries.

(B) No Government department can be industry.

(C) Government department carrying on business or trade may be industry.

(D) Government department carrying on only sovereign function may be industry.

**49.** According to Section 9 A of the Trade Union Act, 1926 minimum requirement about membership of a trade union is

(A) Seven

(B) Ten percent or one hundred of the workmen.

(C) Ten percent or one hundred of the workmen, whichever is less.

(D) Ten percent or one hundred of the workmen, whichever is less, subject to minimum seven.

**50.** To be a member of trade union, a person must attain the age of

(A) 18 years

(B) 16 years

(C) 15 years

(D) 21 years

Prepp
Your Personal Exams Guide

**44.** अपराध करने के लिये आवश्यक साधनों की योजना या व्यवस्था करना तैयारी होती है । ऐसी चेष्टा दण्डनीय नहीं है क्योंकि :

(i) हानिप्रद हेतु नहीं ।

(ii) दोषपूर्ण लक्ष्य तक पहुँचने की असंभाव्यता ।

(iii) किसी व्यक्ति की सुरक्षा को प्रभावित नहीं करता ।

(iv) यह पराकाष्ठा बगैर रहा है ।

युक्तियुक्त उत्तर है :

(A) केवल (i) सही है ।

(B) सर्वाधिक संभाव्य (i) और (ii) हैं ।

(C) (i) और (iii) की काफी संभावना है ।

(D) सभी कारणों (i), (ii), (iii) और (iv) की जाँच करनी होगी ।

**45.** लोक उपयोगी सेवा में नियुक्त कोई भी व्यक्ति हड़ताल पर नहीं जाएगा –

I. नियोक्ता को हड़ताल की सूचना दिये बिना ।

II. ऐसी सूचना देने के 14 दिन के भीतर ।

III. हड़ताल के लिये सूचना में दी गई विशिष्ट तिथि के बीत जाने पर ।

IV. सुलह कार्यवाही के समाप्त होने के 7 दिन के भीतर ।

**कूट** :

(A) I और IV

(B) I और III

(C) I और II

(D) II और III

**46.** कामबंदी हो सकती है

(A) एक दिन के लिये ।

(B) एक दिन से अधिक के लिये ।

(C) अधिकतम सात दिन के लिये ।

(D) कोई भी अवधि, यहाँ तक कि एक दिन से कम ।

**47.** निम्न मामलों में से किसमें न्यायालय ने सर्वविदित विधिक स्थिति को दोहराया कि एक अस्थायी कर्मकार भी छंटनी मुआवजा की माँग कर सकता है, यदि वह औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 की धारा 25F के प्रावधानों के अन्तर्गत आता है ?

(A) टाटानगर फाउन्डरी कं. बनाम उसके कर्मकार

(B) मेनेजमेन्ट ऑफ विलकोक्स बकवेल (इन्डिया) लिमिटेड बनाम जगन्नाथ

(C) बरसी लॉइट रेलवे कम्पनी लिमिटेड बनाम जोगलेकर

(D) मॉडर्न स्टोर्स बनाम कृष्णदास

**48.** निम्न में से कौन सा एक कथन सही है ?

(A) सभी सरकारी विभाग उद्योग हैं ।

(B) कोई भी सरकारी विभाग उद्योग नहीं हो सकता है ।

(C) कारोबार या व्यवसाय करने वाला सरकारी विभाग उद्योग हो सकता है ।

(D) केवल संप्रभु कार्य करने वाला सरकारी विभाग उद्योग हो सकता है ।

**49.** व्यवसाय संघ अधिनियम, 1926 की धारा 9A के अनुसार व्यवसाय संघ के लिये न्यूनतम सदस्यों की आवश्यकता है

(A) सात ।

(B) कर्मकारों का दस प्रतिशत या एक सौ ।

(C) कर्मकारों का दस प्रतिशत या एक सौ, जो भी कम हो ।

(D) कर्मकारों का दस प्रतिशत या एक सौ, जो भी कम हो, किन्तु कम से कम सात ।

**50.** व्यवसाय संघ का सदस्य बनने हेतु एक व्यक्ति को आयु पूर्ण करनी चाहिये :

(A) 18 वर्ष

(B) 16 वर्ष

(C) 15 वर्ष

(D) 21 वर्ष

Prepp Your Personal Exams Guide

**Space For Rough Work**